www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. 'परिमिति' का आशय है :
(A) अल्प
(B) बुद्धि की व्यापकता
(C) मर्यादा
(D) सूक्ष्म

2. 'सिफारिश' किस भाषा का शब्द है ?
(A) फारसी
(B) तुर्की
(C) अरबी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. 'गोधूलि' कहते हैं :
(A) प्रातः का समय जब पशु चरने के लिए जाते हैं
(B) शाम का वह समय जब पशु चरकर लौटते हैं
(C) दोपहर का समय जब पशु विचरण करते हैं
(D) प्रातः एवं दोपहर के बीच का समय जब पशु विचरण करते हैं

4. निम्नांकित में से किस शब्द में दो–दो उपसर्ग प्रयुक्त हुए हैं ?
(A) अतिक्रमण
(B) चिरकाल
(C) समालोचना
(D) प्रयोग

5. 'यह विचार मेरे मन में अचानक आया।' इस वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द है :
(A) विचार
(B) अचानक
(C) मेरे मन में
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. टिप्पण मुख्यतः कितने प्रकार के होते हैं ?
(A) दो प्रकार के
(B) तीन प्रकार के
(C) चार प्रकार के
(D) पाँच प्रकार के

7. निम्नांकित में से 'अर्क' पर्यायवाची शब्द है :
(A) चन्द्र का
(B) सूर्य का
(C) सागर का
(D) पर्वत का

8. 'खूँटी के बल बछड़ा कूदे' मुहावरे का अर्थ है :
(A) अपने बल को बढ़ाकर भय दिखाना
(B) अपने बल पर कार्य करना
(C) दूसरे के बल पर कार्य करना
(D) छल द्वारा परास्त करना

9. 'यह आदमी विश्वासी है।' वाक्य में 'यह' शब्द है :
(A) संख्यावाचक विशेषण
(B) परिमाणवाचक विशेषण
(C) गुणवाचक विशेषण
(D) सार्वनामिक विशेषण

10. 'महौदार्य' में सन्धि है :
(A) वृद्धि सन्धि
(B) दीर्घ सन्धि
(C) अयादि सन्धि
(D) गुण सन्धि

11. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द भाव वाचक प्रत्यय का उदाहरण है ?
(A) मीठा
(B) रसीला
(C) कहार
(D) गर्मी

12. निम्न में से शुद्ध शब्द है :
(A) श्रंगार
(B) श्रृंगार
(C) शृंगार
(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

13. हिन्दी वर्णमाला के व्यंजन वर्णों में अल्पप्राण वर्ण हैं :
(A) प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय अक्षर
(B) द्वितीय, चतुर्थ तथा पंचम अक्षर
(C) तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम अक्षर
(D) प्रथम, तृतीय तथा पंचम अक्षर

14. वह वाक्य जिसमें एक मुख्य या स्वतंत्र उपवाक्य और एक या अधिक गौण या आश्रित उपवाक्य होते हैं, कहलाता है :
(A) संयुक्त वाक्य
(B) सरल वाक्य
(C) विधिवाचक वाक्य
(D) मिश्र वाक्य

15. विसर्ग का प्रयोग होता है :
(A) देशज शब्दों में
(B) आगत शब्दों में
(C) तत्सम शब्दों में
(D) तद्भव शब्दों में

16. 'यही सच है' किसकी कृति है ?
(A) भगवती चरण वर्मा की
(B) मन्नू भण्डारी की
(C) प्रेमचन्द की
(D) जयशंकर प्रसाद की

17. 'वीर पुत्र को जन्म देने वाली माँ' इस शब्द समूह के लिए एक शब्द कौन–सा होगा ?
(A) वीरप्रसु
(B) वीरदामिनी
(C) वीरघातिनी
(D) उपर्युक्त में से कोई नही

18. निम्नलिखित में से 'पशु' शब्द का विशेषण है :
(A) पाशविक
(B) पशुत्व
(C) पशुपति
(D) पशुता

19. 'वृक्ष' शब्द का वर्ण विन्यास है :
(A) व्+ऋ+क्+ष्+अ
(B) व्+र्+इ+क्ष्+अ
(C) व्+र्+इ+क्+ष्+अ
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. निम्नलिखित में से हिन्दी वाक्य का अनिवार्य तत्व नहीं है :
(A) सार्थकता
(B) पदक्रम
(C) योग्यता
(D) अलंकार

---

21. In which form of dance, the sword is used in the state of Uttarakhand ?
(A) Chholiya Nritya
(B) Langveer Nritya
(C) Pandav Nritya
(D) Barada Nati Nritya

22. The following ports of India will be in order from north to south according to their location :
(A) Visakhapatnam – Chennai – Mangaluru – Tuticorin
(B) Visakhapatnam – Mangaluru – Chennai – Tuticorin
(C) Chennai – Visakhapatnam – Tuticorin – Mangaluru
(D) Mangaluru – Chennai – Tuticorin – Visakhapatnam

21. उत्तराखण्ड राज्य में नृत्य की किस कला शैली में तलवार का प्रयोग किया जाता है?
(A) छोलिया नृत्य
(B) लंगवीर नृत्य
(C) पांडव नृत्य
(D) बरदा नाती नृत्य

22. भारत के निम्न पत्तनों का उनकी स्थिति के अनुसार उत्तर से दक्षिण का क्रम होगा :
(A) विशाखापट्टनम – चेन्नई – मंगलुरु – तूतीकोरिन
(B) विशाखापट्टनम – मंगलुरु – चेन्नई – तूतीकोरिन
(C) चेन्नई – विशाखापट्टनम – तूतीकोरिन – मंगलुरु
(D) मंगलुरु – चेन्नई – तूतीकोरिन – विशाखापट्टनम

www.prepp.in

23. For which British Commissioner of Kumaon it was said 'No lawyer, no appeal, no argument.' ?
(A) E. Gardner
(B) George Thomas Lushington
(C) Henry Ramsay
(D) George William Trail

23. कुमाऊँ के किस अंग्रेज कमिश्नर के लिए कहा गया, '"न वकील, न अपील, न दलील।" ?
(A) ई० गार्डनर
(B) जार्ज थॉमस लुशिंगटन
(C) हेनरी रैमजे
(D) जार्ज विलियम ट्रेल

24. A man is facing north-west. He turns 90° in the clockwise direction and then 135° in the anti-clockwise direction. Which direction is he facing now ?
(A) East
(B) North
(C) West
(D) South

24. एक व्यक्ति उत्तर–पश्चिम की ओर मुँह कर खड़ा है वह घड़ी की सुईयों की दिशा में 90° घूमता है। इसके पश्चात् वह घड़ी की सुईयों की विपरीत दिशा में 135° घूम जाता है। अब वह किस दिशा की ओर मुँह करके खड़ा है ?
(A) पूर्व
(B) उत्तर
(C) पश्चिम
(D) दक्षिण

25. In Uttarakhand, 'Kandva' is a :
(A) Festival
(B) Tool
(C) Jewellery
(D) Dance form

25. उत्तराखण्ड में 'कण्डवा' है :
(A) त्योहार
(B) औजार
(C) आभूषण
(D) नृत्य शैली

26. P.C. Mahalanobis was the Chairman of National Income Committee appointed by the Government of India in 1949 A.D. The other two members of this Committee were :
(A) Shah and Khambatta
(B) R.C. Desai and Findlay Shirras
(C) D.R. Gadgil and Dr. V.K.R.V. Rao
(D) William Digby and Dadabhai Naoroji

26. सरकार द्वारा 1949 ई० में बनायी गयी राष्ट्रीय आय समिति के अध्यक्ष पी०सी० महालनोबीस थे; इस समिति के अन्य दो सदस्य थे :
(A) शाह और खम्बाटा
(B) आर०सी० देसाई और फिण्डले शिराज
(C) डी०आर० गाडगिल और डॉ० वी०के० आर०वी० राव
(D) विलियम डिग्बी और दादा भाई नौरोजी

27. 'Kumaon Bhabhar Khetihar Nyas Nidhi' established in :
(A) 1906 A.D.
(B) 1910 A.D.
(C) 1918 A.D.
(D) 1925 A.D.

27. "कुमाऊँ भाभर खेतिहर न्यास निधि" की स्थापना की गई :
(A) 1906 ई० में
(B) 1910 ई० में
(C) 1918 ई० में
(D) 1925 ई० में

Prepp
Your Personal Exams Guide

28. 'World Radio Day' is celebrated on :
(A) 11 February
(B) 13 February
(C) 14 March
(D) 11 April

28. 'विश्व रेडियो दिवस' मनाया जाता है :
(A) 11 फरवरी को
(B) 13 फरवरी को
(C) 14 मार्च को
(D) 11 अप्रैल को

29. When was 'Sati Pratha' abolished in Uttarakhand region ?
(A) 1829 A.D.
(B) 1830 A.D.
(C) 1825 A.D.
(D) None of the above

29. उत्तराखण्ड क्षेत्र से 'सती प्रथा' कब समाप्त की गई ?
(A) 1829 ई० में
(B) 1830 ई० में
(C) 1825 ई० में
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

30. In 1927 A.D., when the Congress decided to boycott the Simon commission, then who was the president of that session ?
(A) Dr. Mohammad Ali Ansari
(B) S. Srinivasa Iyengar
(C) Motilal Nehru
(D) Jawaharlal Nehru

30. 1927 ई० में कांग्रेस ने यह फैसला लिया कि साइमन कमीशन का बहिष्कार किया जाए, तब उस सत्र के अध्यक्ष कौन थे ?
(A) डॉ० मोहम्मद अली अंसारी
(B) एस० श्रीनिवासा अयंगार
(C) मोतीलाल नेहरु
(D) जवाहरलाल नेहरु

31. The chemical 'Taxol' well known for natural source of cancer drug is derived from which medicinal plant of Uttarakhand ?
(A) Brahmi
(B) Bheemal
(C) Jhula
(D) Dhuner

31. कैन्सर के इलाज के लिए 'टैक्सॉल' नामक रसायन उत्तराखण्ड के किस औषधीय पौधे से प्राप्त होता है ?
(A) ब्राह्मी
(B) भीमल
(C) झूला
(D) धुनेर

32. If A+B = C+D and A+D > B+C then which one of the following is definitely wrong ?
(A) A > B
(B) A > C
(C) C > D
(D) B > D

32. यदि A+B बराबर है C+D के और A+D बड़ा है B+C से, तो निम्नलिखित में से कौन–सा एक निश्चित तौर पर गलत है ?
(A) A बड़ा है B से
(B) A बड़ा है C से
(C) C बड़ा है D से
(D) B बड़ा है D से

33. How is Uttarakhand described in Mahabharata ?
(A) Arthkuru
(B) Vibhaktikuru
(C) Uttarkuru
(D) Nagkuru

33. महाभारत में उत्तराखण्ड का वर्णन किस रूप में हुआ है ?
(A) अर्थकुरु
(B) विभक्तिकुरु
(C) उत्तरकुरु
(D) नागकुरु

www.prepp.in

34. First Non-Aligned Summit was held in the year :
(A) 1961 A.D.
(B) 1963 A.D.
(C) 1965 A.D.
(D) 1967 A.D.

34. प्रथम गुट निरपेक्ष सम्मेलन हुआ था :
(A) सन् 1961 ई० में
(B) सन् 1963 ई० में
(C) सन् 1965 ई० में
(D) सन् 1967 ई० में

35. Which one of the following play was written by King 'Rudrachand' ?
(A) Arunima Ragoday
(B) Usha Ragoday
(C) Vihan Ragoday
(D) Vihag Ragoday

35. निम्नांकित में से कौन–सा नाटक राजा 'रूद्रचंद' द्वारा रचित है ?
(A) अरुणिमा रागोदय
(B) ऊषा रागोदय
(C) विहान रागोदय
(D) विहाग रागोदय

36. In India, who decides that a bill is money bill or not ?
(A) Finance Minister
(B) Speaker of Lok Sabha
(C) Home Minister
(D) Finance Secretary

36. एक विधेयक वित्त विधेयक है या नहीं इसका निर्णय भारत में कौन करता है ?
(A) वित्त मंत्री
(B) लोक सभा अध्यक्ष
(C) गृह मंत्री
(D) वित्त सचिव

37. Britishers conferred 'Companion of India' title to :
(A) Bhawanishah
(B) Pratapshah
(C) Kirtishah
(D) Narendrashah

37. अंग्रेजों ने 'कम्पैनियन ऑफ इण्डिया' की उपाधि दी थी :
(A) भवानीशाह को
(B) प्रतापशाह को
(C) कीर्तिशाह को
(D) नरेन्द्रशाह को

38. Which of the following is known as lender of last resort ?
(A) Central Bank
(B) Commercial Bank
(C) NABARD
(D) Rural Bank

38. निम्न में से कौन अंतिम ऋणदाता के रूप में जाना जाता है ?
(A) केन्द्रीय बैंक
(B) व्यापारिक बैंक
(C) नाबार्ड
(D) ग्रामीण बैंक

39. The paper named 'Garhwali' was started to publish from Dehradun in :
(A) 1903 A.D.
(B) 1905 A.D.
(C) 1907 A.D.
(D) 1909 A.D.

39. देहरादून से 'गढ़वाली' नामक पत्र प्रकाशित होना प्रारम्भ हुआ :
(A) 1903 ई० में
(B) 1905 ई० में
(C) 1907 ई० में
(D) 1909 ई० में

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

40. The number in the given series at the place of question mark will be :
462, 420, 380, ? , 306
(A) 352
(B) 322
(C) 332
(D) 342

40. निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर संख्या होगी :
462, 420, 380, ? , 306
(A) 352
(B) 322
(C) 332
(D) 342

41. Varuni Panchkosi Yatra takes place in district :
(A) Chamoli
(B) Rudraprayag
(C) Uttarkashi
(D) Bageshwar

41. वारुणी पंचकोसी यात्रा होती है :
(A) जनपद चमोली में
(B) जनपद रुद्रप्रयाग में
(C) जनपद उत्तरकाशी में
(D) जनपद बागेश्वर में

42. The President of India may send the advice tendered by the Council of Ministers, for reconsideration. This system of reconsideration was established in :
(A) Forty fourth Constitutional Amendment (1978 A.D.)
(B) Forty second Constitutional Amendment (1976 A.D.)
(C) Thirty sixth Constitutional Amendment (1975 A.D.)
(D) It already existed in original Constitution

42. भारत का राष्ट्रपति, मंत्रिपरिषद की सलाह को एक बार पुनर्विचार के लिये भेज सकता है। पुनर्विचार की यह व्यवस्था की गई थी:
(A) चौवालीसवें संविधान संशोधन (1978 ई०) में
(B) बयालीसवें संविधान संशोधन (1976 ई०) में
(C) छत्तीसवें संविधान संशोधन (1975 ई०) में
(D) मूल संविधान में यह व्यवस्था अस्तित्व में थी

43. In Uttarakhand State, how many teachers of Sanskrit Education was conferred as Governor's Teacher Award, 2019 ?
(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 5

43. उत्तराखण्ड राज्य में संस्कृत शिक्षा के कितने शिक्षकों को गवर्नर्स टीचर्स अवार्ड, 2019 से सम्मानित किया गया ?
(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 5

44. If A means X, B means ÷, D means – and C means +, then the value of following will be :
21C3D6A8B2
(A) 72
(B) 4
(C) 48
(D) 0

44. यदि A का अर्थ X, B का अर्थ ÷, D का अर्थ – और C का अर्थ + हो तो निम्नलिखित का मान होगा :
21C3D6A8B2
(A) 72
(B) 4
(C) 48
(D) 0

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. From the following which one is primary rock ?
(A) Sedimentary
(B) Igneous
(C) Metamorphic
(D) None of the above

45. निम्नलिखित में से कौन–सी एक प्राथमिक चट्टान है ?
(A) अवसादी
(B) आग्नेय
(C) कायान्तरित
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. In Uttarakhand 'Mukhya Manti Aanchal Amrit Yojna' is being launched to provide:
(A) Training and nutrition for the development of personality of juvenile girls
(B) Provide milk for children from 3 to 6 years of age
(C) Protection of girls rights
(D) Protection against illegal trafficking of girls

46. उत्तराखण्ड में "मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना" शुरु की जा रही है :
(A) नाबालिग बालिकाओं के व्यक्तित्व के विकास के लिए प्रशिक्षण और पोषण प्रदान करने के लिए
(B) 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए दूध उपलब्ध कराने के लिए
(C) बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए
(D) बालिकाओं की अवैध तस्करी के खिलाफ सुरक्षा के लिए

47. If 'ROAD' is coded as '181514', then 'DOOR' will be coded as :
(A) 4151518
(B) 7161654
(C) 6141423
(D) 8121214

47. यदि किसी कूट भाषा में 'ROAD' को '181514' लिखा जाता है, तो उसी भाषा में 'DOOR' को लिखा जायेगा :
(A) 4151518
(B) 7161654
(C) 6141423
(D) 8121214

48. The Gazatteer of Himalayan region edited by E.T. Atkinson was published in :
(A) 1880 A.D.
(B) 1882 A.D.
(C) 1884 A.D.
(D) 1886 A.D.

48. ई०टी० एटकिन्सन द्वारा सम्पादित हिमालय क्षेत्रों का गजेटियर प्रकाशित हुआ :
(A) 1880 ई० में
(B) 1882 ई० में
(C) 1884 ई० में
(D) 1886 ई० में

49. The fourth Commissioner of Kumaon was:
(A) Henry Ramsay
(B) G.T. Lushington
(C) John Hellit
(D) None of the above

49. कुमाऊँ के चौथे कमिश्नर थे :
(A) हेनरी रैमजे
(B) जी०टी० लुशिंगटन
(C) जॉन हैलेट
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. In India, Regional Rural Banks were constituted in :
(A) 1969 A.D.
(B) 1971 A.D.
(C) 1975 A.D.
(D) None of the above

50. भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना हुई :
(A) 1969 ई० में
(B) 1971 ई० में
(C) 1975 ई० में
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

51. In Uttarakhand, Kasturi Mrig Vihar established in :
(A) 1970 A.D.
(B) 1971 A.D.
(C) 1972 A.D.
(D) 1973 A.D.

51. उत्तराखण्ड में कस्तूरी मृग विहार की स्थापना की गई :
(A) 1970 ई० में
(B) 1971 ई० में
(C) 1972 ई० में
(D) 1973 ई० में

52. Which of the following is not a component of a Uniform Resource Locator (U.R.L.) ?
(A) Server type
(B) Host name
(C) File size
(D) File name

52. निम्नलिखित में से कौन एक यूनीफार्म रिसोर्स लोकेटर (यू०आर०एल०) का हिस्सा नहीं है ?
(A) सर्वर टाईप
(B) होस्ट नेम
(C) फाईल साईज
(D) फाईल नेम

53. 'Chachnama' related to the history of :
(A) Kashmir region
(B) Gujarat region
(C) Bengal region
(D) Sindh region

53. 'चचनामा' संबंधित है :
(A) कश्मीर क्षेत्र के इतिहास से
(B) गुजरात क्षेत्र के इतिहास से
(C) बंगाल क्षेत्र के इतिहास से
(D) सिन्ध क्षेत्र के इतिहास से

54. First state budget of Uttaranchal was presented by :
(A) B.C. Khanduri
(B) Prakash Pant
(C) Dr. Ramesh Pokhriyal 'Nishank'
(D) None of the above

54. उत्तरांचल राज्य का प्रथम बजट प्रस्तुत किया गया था :
(A) बी०सी० खण्डूरी द्वारा
(B) प्रकाश पंत द्वारा
(C) डॉ० रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. The author of book 'Guldast Tawareekh-E-Koh Tehri Garhwal' is :
(A) Pandit Mukandi Lal
(B) Pratapshah
(C) Miyan Prem Singh
(D) Shaymshah

55. 'गुलदस्त तवारीख–इ–कोह टिहरी गढ़वाल' नामक पुस्तक के लेखक हैं :
(A) पंडित मुकंदी लाल
(B) प्रतापशाह
(C) मियां प्रेम सिंह
(D) श्यामशाह

56. In 1923 A.D. 'Rajya Pratinidhi Sabha' established by
(A) Sudarshanshah
(B) Manvendrashah
(C) Narendrashah
(D) Kirtishah

56. 1923 ई० में टिहरी रियासत में 'राज्य प्रतिनिधि सभा' की स्थापना की थी :
(A) सुदर्शनशाह ने
(B) मानवेन्द्रशाह ने
(C) नरेन्द्रशाह ने
(D) कीर्तिशाह ने

57. Distance between two latitudes on the earth is :
(A) 111 Kilometers
(B) 120 Kilometers
(C) 115 Kilometers
(D) None of the above

57. पृथ्वी पर दो अक्षांशों के बीच की दूरी होती है :
(A) 111 किलोमीटर
(B) 120 किलोमीटर
(C) 115 किलोमीटर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

58. What should come next in the following letter series ?
PQPQRPQRSPQRSTPQRSTUPQRSTUV PQRST
(A) S
(B) Q
(C) U
(D) R

58. अक्षरों की निम्न श्रेणी में अगला अक्षर कौन–सा आयेगा ?
PQPQRPQRSPQRSTPQRSTUPQRSTUV PQRST
(A) S
(B) Q
(C) U
(D) R

59. The Rawal (main priest) of Kedarnath belongs to the sect of :
(A) Jangam of Mysore
(B) Jangam of Tamilnadu
(C) Jangam of Bengal
(D) Jangam of Orissa

59. केदारनाथ के रावल (मुख्य पुजारी) सम्बन्धित होते हैं :
(A) मैसूर के जांगम सम्प्रदाय से
(B) तमिलनाडु के जांगम सम्प्रदाय से
(C) बंगाल के जांगम सम्प्रदाय से
(D) उड़ीसा के जांगम सम्प्रदाय से

60. Author of the book 'Poverty and Famines' is :
(A) Adam Smith
(B) Amartya Sen
(C) Jagdish Bhagwati
(D) V.K.R.V. Rao

60. 'गरीबी और अकाल' पुस्तक के लेखक हैं :
(A) एडम स्मिथ
(B) अमर्त्य सेन
(C) जगदीश भगवती
(D) वी०के०आर०वी० राव

61. Which festival is called 'Moksha Parva' by Hiuen-Tsang ?
(A) Nanda Devi Parva
(B) Shravani Parva
(C) Somnath Parva
(D) Kumbh Parva

61. किस पर्व को ह्वेन–सांग ने 'मोक्ष पर्व' कहा है ?
(A) नन्दा देवी पर्व को
(B) श्रावणी पर्व को
(C) सोमनाथ पर्व को
(D) कुम्भ पर्व को

62. From the following a valid shortcut key to display hyperlink fields is
(A) ALT + F8
(B) CTRL + F9
(C) CTRL + F8
(D) ALT + F9

62. हाइपरलिंक फील्ड प्रदर्शित करने के लिए निम्न में से कौन–सी एक वैध शार्ट–कट कुंजी है ?
(A) ALT + F8
(B) CTRL + F9
(C) CTRL + F8
(D) ALT + F9

63. Which king gave shelter to Shri Guru Ram Rai in his Kingdom ?
(A) Fatehpatishah
(B) Ajay Pal
(C) Manshah
(D) Upendrashah

63. श्री गुरु राम राय को किस राजा ने अपने राज्य में आश्रय दिया ?
(A) फतेपतिशाह
(B) अजय पाल
(C) मानशाह
(D) उपेन्द्रशाह

www.prepp.in

64. 'Bhoodan Andolan' by Vinoba Bhave started in :
(A) 1947 A.D.
(B) 1950 A.D.
(C) 1948 A.D.
(D) 1951 A.D.

64. विनोबा भावे द्वारा 'भूदान आन्दोलन' शुरु किया गया :
(A) 1947 ई० में
(B) 1950 ई० में
(C) 1948 ई० में
(D) 1951 ई० में

65. The famous Canal of Vijay Nagar empire was :
(A) Swej Canal
(B) Hiria Canal
(C) Panama Canal
(D) None of the above

65. 'विजय नगर साम्राज्य' की प्रसिद्ध नहर थी:
(A) स्वेज नहर
(B) हिरिया नहर
(C) पनामा नहर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. The shortest National highway of Uttarakhand is :
(A) 72
(B) 74
(C) 73
(D) 72A

66. उत्तराखण्ड राज्य का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग है :
(A) 72
(B) 74
(C) 73
(D) 72A

67. Film 'Soorma' is based on which of the following Hockey player's biography ?
(A) Dhanraj Pillai
(B) Pargat Singh
(C) Sandeep Singh
(D) Gagan Ajit Singh

67. फिल्म 'सूरमा' निम्न में से किस हॉकी खिलाड़ी की जीवनी पर आधारित है ?
(A) धनराज पिल्लै
(B) परगट सिंह
(C) संदीप सिंह
(D) गगन अजित सिंह

68. Which of the following fort/forts was built in Almora by Chand rulers ?
(A) The Fort of Lal Mandi
(B) Malla Mahal Fort
(C) Khagmara Fort
(D) All of the above

68. निम्न में से कौन–सा/से किला/किले अल्मोड़ा में चन्द शासकों द्वारा निर्मित किया गया/किए गए ?
(A) लालमण्डी किला
(B) मल्ला महल किला
(C) खगमरा किला
(D) उपर्युक्त सभी

69. 'Garhwal Motor Owner's Union Limited' established in 1941 A.D. at :
(A) Pauri
(B) Dehradun
(C) Kotdwar
(D) Karnaprayag

69. 'गढ़वाल मोटर ऑनर्स यूनियन लिमिटेड' की स्थापना 1941 ई० में हुई थी :
(A) पौड़ी में
(B) देहरादून में
(C) कोटद्वार में
(D) कर्णप्रयाग में

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

70. The number will come at the place of question mark (?)

| | | |
|---|---|---|
| | 10 | |
| 3 | 7 | ? |
| | 24 | |

(A) 17
(B) 12
(C) 13
(D) 14

71. Which of the following pass connects Uttarkashi and Tibet ?
(A) Trail Pass
(B) Muling La
(C) Lipulekh
(D) None of the above

72. The monopoly of East India Company on Indian trade is completely abolished by the :
(A) Charter Act of 1893
(B) Charter Act of 1813
(C) Charter Act of 1833
(D) None of the above

73. Sirhind Canal is constructed by :
(A) Ravi river
(B) Satluj river
(C) Yamuna river
(D) Beas river

74. The Panchayats (Extension to the Scheduled Areas) Act was enacted in :
(A) 1993 A.D.
(B) 1996 A.D.
(C) 1999 A.D.
(D) 2001 A.D.

75. Which of the following river originated from the hot spring ?
(A) Bhilangana
(B) Nandakini
(C) Dholi Ganga (East)
(D) Yamuna

70. प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या होगी :

| | | |
|---|---|---|
| | 10 | |
| 3 | 7 | ? |
| | 24 | |

(A) 17
(B) 12
(C) 13
(D) 14

71. निम्न में से कौन–सा दर्रा उत्तरकाशी और तिब्बत को जोड़ता है ?
(A) ट्रेल पास
(B) मूलिंग ला
(C) लिपुलेख
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा भारत के साथ व्यापार से कम्पनी का एकाधिकार पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया गया था :
(A) चार्टर एक्ट, 1893 के द्वारा
(B) चार्टर एक्ट, 1813 के द्वारा
(C) चार्टर एक्ट, 1833 के द्वारा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. सरहिन्द नहर निर्मित की गई है :
(A) रावी नदी से
(B) सतलज नदी से
(C) यमुना नदी से
(D) व्यास नदी से

74. पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम लागू हुआ :
(A) 1993 ई० में
(B) 1996 ई० में
(C) 1999 ई० में
(D) 2001 ई० में

75. निम्न में से कौन–सी नदी गर्म जल स्रोत से उद्गमित होती है ?
(A) भिलंगना
(B) नन्दाकिनी
(C) धौली गंगा (पूर्वी)
(D) यमुना

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

76. O.S.S. stands for :
(A) Open Source Software
(B) Open System Software
(C) Original Source Software
(D) Original System Server

77. In Uttarakhand, the father of 'Beej Bachao Andolan' is :
(A) Vandana Singh
(B) Vijay Jardhari
(C) Samsher Singh Bisht
(D) Samar Pal Singh

78. Which article of Indian Constitution granted complete equality of men and women ?
(A) Article 14 and 15
(B) Article 15 and 16
(C) Article 14 and 16
(D) None of the above

79. In India, after the independence 'Hyderabad Regiment' was changed to :
(A) Garhwal Rifles
(B) Gorkha Rifles
(C) Kumaon Regiment
(D) Punjab Regiment

80. Which satellite was successfully set up in the orbit of earth on May 22, 2019 A.D. by the India Space Research Organisation (ISRO) ?
(A) RISAT-2B
(B) PS-2A
(C) INSAT-2B
(D) Aakash

81. '36 Rakam 32 Kalam' revenue system was under :
(A) Chand rule
(B) Katyur rule
(C) Gorkha rule
(D) Panwar rule

82. The Naharkatia Petroleum field is situated in :
(A) Assam
(B) Meghalaya
(C) Tripura
(D) Tamilnadu

76. ओ०एस०एस० का पूर्ण रूप है :
(A) ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर
(B) ओपन सिस्टम सॉफ्टवेयर
(C) ओरिजिनल सोर्स सॉफ्टवेयर
(D) ओरिजिनल सिस्टम सर्वर

77. उत्तराखण्ड में 'बीज बचाओ आन्दोलन' के प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है :
(A) वंदना सिंह को
(B) विजय जड़धारी को
(C) शमशेर सिंह बिष्ट को
(D) समर पाल सिंह को

78. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में स्त्री व पुरुष को पूर्ण समानता दी गई है ?
(A) अनुच्छेद 14 और 15
(B) अनुच्छेद 15 और 16
(C) अनुच्छेद 14 और 16
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. भारत में स्वतंत्रता के पश्चात 'हैदराबाद रेजीमेंट' को परिवर्तित कर दिया गया :
(A) गढ़वाल राइफल्स में
(B) गोरखा राइफल्स में
(C) कुमाऊँ रेजिमेंट में
(D) पंजाब रेजिमेंट में

80. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आई०एस०आर०ओ०) द्वारा किस सैटेलाईट को 22 मई, 2019 ई० को पृथ्वी की कक्षा में सफलता पूर्वक स्थापित किया गया ?
(A) आर०आई०सेट–2बी
(B) पी०एस०–2ए
(C) इन्सैट–2बी
(D) आकाश

81. '36 रकम 32 कलम' राजस्व प्रणाली थी :
(A) चन्द शासन काल में
(B) कत्यूर शासन काल में
(C) गोरखा शासन काल में
(D) पंवार शासन काल में

82. नहरकटिया पेट्रोलियम क्षेत्र स्थित है :
(A) असम में
(B) मेघालय में
(C) त्रिपुरा में
(D) तमिलनाडु में

www.prepp.in

83. India's active volcano is :
(A) Lakshadweep Island
(B) Grand Island
(C) Barren Island
(D) Majuli Island

83. भारत का सक्रिय ज्वालामुखी है :
(A) लक्षद्वीप आइलैण्ड
(B) ग्रैंड आइलैण्ड
(C) बैरन आइलैण्ड
(D) मजौली आइलैण्ड

84. From October, 2007 A.D. to June, 2009 A.D., the Governor of Uttarakhand state was :
(A) Sudarshan Agarwal
(B) Margret Alwa
(C) Aziz Qureshi
(D) None of the above

84. अक्टूबर, 2007 ई० से जून, 2009 ई० तक उत्तराखण्ड राज्य के राज्यपाल थे :
(A) सुदर्शन अग्रवाल
(B) मारग्रेट अल्वा
(C) अज़ीज कुरैशी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. The ideals of 'Welfare State' in the Constitution of India is enshrined in :
(A) Preamble
(B) Fundamental Rights
(C) Fundamental Duties
(D) Directive Principles of State Policy

85. 'लोक कल्याणकारी राज्य' का आदर्श भारतीय संविधान में स्थापित किया गया है:
(A) प्रस्तावना में
(B) मौलिक अधिकारों में
(C) मौलिक कर्तव्यों में
(D) राज्य के नीति के निदेशक सिद्धान्तों में

86. Nainital district was divided into two districts in the year of :
(A) 1997 A.D.
(B) 1993 A.D.
(C) 1999 A.D.
(D) 1995 A.D.

86. नैनीताल जनपद को दो जनपदों में विभक्त किया गया :
(A) सन् 1997 ई० में
(B) सन् 1993 ई० में
(C) सन् 1999 ई० में
(D) सन् 1995 ई० में

87. If 1 January, 2001 A.D. was Monday, then what day of the week was it on 31 December, 2001 A.D. ?
(A) Saturday
(B) Friday
(C) Monday
(D) Sunday

87. यदि 1 जनवरी, 2001 ई० को सोमवार था, तो 31 दिसम्बर, 2001 ई० को सप्ताह का कौन–सा दिन होगा ?
(A) शनिवार
(B) शुक्रवार
(C) सोमवार
(D) रविवार

88. Which district of Uttarakhand has maximum Gram Panchayats ?
(A) Tehri Garhwal
(B) Pauri Garhwal
(C) Almora
(D) Pithoragarh

88. उत्तराखण्ड के किस जनपद में सर्वाधिक ग्राम पंचायत हैं ?
(A) टिहरी गढ़वाल में
(B) पौड़ी गढ़वाल में
(C) अल्मोड़ा में
(D) पिथौरागढ़ में

89. Tropical cyclones striking the coastal area of China is :
(A) Hurricanes
(B) Tornadoes
(C) Typhoons
(D) Willy-Willies

89. चीन के तटवर्ती क्षेत्र को प्रभावित करने वाला उष्ण कटिबन्धीय चक्रवात है :
(A) हरीकेन
(B) टॉरनेडो
(C) टायफून
(D) विली–विलीज

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

90. From the following the boiling lake (Hot Water) of Uttarakhand is :
(A) Siddh Tal
(B) Fatchkandi Bayaan Tal
(C) Bhenk Tal
(D) Masar Tal

91. A combination of four letters' words is 'TRAY' has been given. The alternative that closely resembles the water image of the combination is :
(A) ⊥ꓤ∀⅄
(B) YART
(C) ⅄∀ꓤ⊥
(D) TARY

92. In Uttarakhand, the Information Technology Biotechnology (I.T.B.T.) Park established in :
(A) Sahasradhara
(B) Pantnagar
(C) Haridwar
(D) None of the above

93. The full name of 'GOBAR-DHAN', a new scheme announced in Budget 2018-19 is :
(A) Galvanizing Organic Bio-Agro Resources - Dhan
(B) Gobar Gas Operation Plants Based on Agriculture Residual - Dhan
(C) Gobar Based Agri Resources - Dhan
(D) None of the above

94. The length of newly constructed 'Dobra Chanthi Bridge' in Tehri Garhwal is :
(A) 1.965 Kilometers
(B) 1.948 Kilometers
(C) 2.230 Kilometers
(D) None of the above

95. The revolutionary women, who died in the Chatgaon incident, was :
(A) Shanti Gosh
(B) Suniti Chaudhary
(C) Bina Das
(D) Preetilata Waddedar

90. निम्नलिखित में से उत्तराखण्ड का 'उबलता ताल' है :
(A) सिद्ध ताल
(B) फाचकण्डी बयां ताल
(C) भेंक ताल
(D) मासर ताल

91. चार अक्षरों के संयोजन से बना हुआ एक शब्द 'TRAY' दिया गया है। वह विकल्प जो संयोजन के जल प्रतिबिंब जैसा है, वह है :
(A) ⊥ꓤ∀⅄
(B) YART
(C) ⅄∀ꓤ⊥
(D) TARY

92. उत्तराखण्ड में सूचना प्रौद्योगिकी जैव प्रौद्योगिकी (आई०टी०बी०टी०) पार्क स्थापित किया गया है :
(A) सहस्रधारा में
(B) पन्तनगर में
(C) हरिद्वार में
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

93. 2018–19 के बजट में घोषित नयी योजना 'गोबर–धन' का पूरा नाम है :
(A) गैलवनाइजिंग आर्गेनिक बायो–एग्रो रिसोर्सेज – धन
(B) गोबर गैस ऑपरेशन प्लांट्स बेस्ड ऑन एग्रीकल्चर रिजाइडुअल – धन
(C) गोबर बेस्ड एग्री रिसोर्सेज – धन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. टिहरी गढ़वाल में नवनिर्मित डोबरा–चांठी पुल की लम्बाई है :
(A) 1.965 किलोमीटर
(B) 1.948 किलोमीटर
(C) 2.230 किलोमीटर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. चटगांव काण्ड में शहीद महिला क्रान्तिकारी थीं :
(A) शान्ति घोष
(B) सुनीति चौधरी
(C) बीना दास
(D) प्रीतिलता वाडेदार

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

96. From the following options, the different option is :
(A) 14, 12
(B) 37, 4
(C) 24, 7
(D) 42, 4

97. First woman to be awarded the 'Dronacharya Award' from Uttarakhand :
(A) Susheela Dobhal
(B) Himani Shivpuri
(C) Dr. Harshwanti Bisht
(D) Hansa Manral

98. The Garhwal Rifles completed 125 years of its establishment in :
(A) 2010 A.D.
(B) 2015 A.D.
(C) 2013 A.D.
(D) 2012 A.D.

99. Hampi, a magnificent and historical centre of South India, used to be the capital of which southern state ?
(A) Vijayanagar
(B) Bijapur
(C) Golkunda
(D) Ahmadnagar

100. The increasing order of the following major rivers of Uttarakhand state according to their length will be :
1. Kosi
2. Kali
3. Bhagirathi
4. Alaknanda
(A) 1, 4, 3, 2
(B) 3, 2, 1, 4
(C) 1, 2, 3, 4
(D) None of the above

96. निम्नांकित विकल्पों में से, भिन्न विकल्प है:
(A) 14, 12
(B) 37, 4
(C) 24, 7
(D) 42, 4

97. 'द्रोणाचार्य पुरस्कार' से सम्मानित होने वाली उत्तराखण्ड की प्रथम महिला है :
(A) सुशीला डोभाल
(B) हिमानी शिवपुरी
(C) डॉ० हर्षवन्ती बिष्ट
(D) हँसा मनराल

98. गढ़वाल राइफल्स ने अपनी स्थापना के 125 वर्ष पूरे किये :
(A) 2010 ई० में
(B) 2015 ई० में
(C) 2013 ई० में.
(D) 2012 ई० में

99. दक्षिण भारत का एक शानदार व ऐतिहासिक केन्द्र हम्पी किस दक्षिण राज्य की राजधानी हुआ करता था ?
(A) विजयनगर
(B) बीजापुर
(C) गोलकुण्डा
(D) अहमदनगर

100. उत्तराखण्ड राज्य की निम्नलिखित प्रमुख नदियों का उनकी लम्बाई के अनुसार बढ़ता हुआ क्रम होगा :
1. कोसी
2. काली
3. भागीरथी
4. अलकनन्दा
(A) 1, 4, 3, 2
(B) 3, 2, 1, 4
(C) 1, 2, 3, 4
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*****